विवाद | **गंभीर रूप से घायल युवक को नागपुर किया रेफर,थाने पर जुटी भारी भीड़**

विशेष समुदाय के युवक ने की हिंदू युवक से मारपीट

नवभारत न्यूज

सौसर 17 जून –सौसर क्षेत्र में आज उस समय तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जब एक विशेष समुदाय के युवक द्वारा हिंदू समुदाय के एक युवक के साथ गंभीर मारपीट करने का मामला सामने आया। घटना को लव जिहाद से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसके चलते स्थानीय लोगों और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक की मारपीट में ऋषभ पिता मुन्ना कोल्हटकर 28 साल निवासी वार्ड नं 2 नामक हिंदू युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर कर दिया। घटना की खबर लगते ही बड़ी संख्या में विभिन्न हिंदू संगठनों के

पदाधिकारी और कार्यकर्ता सौसर थाने पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

थाने में जमी भीड़, पुलिस अलर्ट

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आ रहा है। थाना प्रभारी रूपलाल उईके ने बताया कि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और मामले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के प्रयास लगातार जारी हैं। खबर लिखे जाने तक, बड़ी संख्या में आक्रोशित लोगों और कार्यकर्ताओं की भीड़ थाना परिसर में जमी हुई थी और माहौल में तनाव बना हुआ था। पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाइश देकर कड़ी वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया जा रहा है।

मीनाक्षी का नामांकन फार्म निरस्त करने पर किया विरोध प्रदर्शन

महिला कांग्रेस ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,17 जून, मध्य प्रदेश से राज्य सभा सांसद के लिए मीनाक्षी नटराजन द्वारा जमा किए गए नाम निर्देशन पत्र को निर्वाचन आयोग द्वारा निरस्त किए जाने को लेकर पूरे देश तथा मध्य प्रदेश की तरह ही पांढुरना जिले में भी कांग्रेसियों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है, बुधवार को जिला महिला कांग्रेस द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौपा ।

गौरतलब हो कि मध्य प्रदेश से राज्य सभा सांसद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मीनाक्षी नटराजन द्वारा जमा किए गए नाम निर्देशन पत्र को निर्वाचन आयोग द्वारा भाजपा के दो नेताओं द्वारा ली गई आपत्ति के बाद सुश्री नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया था ,इसे कांग्रेस द्वारा सत्ता पक्ष के इशारे पर निर्वाचन आयोग द्वारा लिए गए गलत निर्णय बताते हुए इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन बता दिल्ली से लेकर पूरे देश तथा प्रदेश में भी विरोध किया जा रहा है ।बुधवार को जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती नेहा जोगी के नेतृत्व में महिला कांग्रेसियों ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय से रैली निकालकर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को एक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौप इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। इस आशय का पत्र सौंपते समय नेहा जोगी,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षा श्रीमती शारदा धुमाल,श्रीमती लता तुमडाम, श्रीमती कीर्ति पठाड़े, श्रीमती कुसुम खंडाते, श्रीमती शकुंतला उइके ,श्रीमती मीरा कवडेती ,श्रीमती रामकली मर्सकोले, श्रीमती सेवंती परतेती ,श्रीमती सर्वाबाई, श्रीमती मनुबाई ,श्रीमती अंबा चौहान,श्रीमती आशा पांडे,श्रीमती श्वेता पुसदेवकर,बेगम शाह,श्रीमती जयश्री, श्रीमती ज्योति काटकर,श्रीमती मायाबाई आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

जनकल्याण शिविर : 45 आवेदनों का हुआ निराकरण

नवभारत न्यूज

सौंसर 17 जून– शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद मोहगांव में आयोजित जनकल्याण शिविर में बडी संख्या में नागरिकों ने पहुचकर शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर का उद्येष्य आमजन को शासकीय योजनाओं से जोडना एवं उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिष्चित करना रहा। इस दौरान नागरिकों की समस्याओं को सुनकर त्वरीत निराकरण किया गया। स्वच्छता, पेयजल, प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की

जानकारी दी गई। नगर परिषद अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने शिविर का निरीक्षण करते हुये व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को समस्याओं के प्रभावी निराकरण के निर्देश दिये। वही नागरिकों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आव्हान किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेराम वरठी ने बताया कि, शिविर में प्राप्त कुल 45 आवेदनों का निराकरण किया गया। जिससे नागरिकों में संतोष देखने को मिला। पात्र हितग्राहियों से इन शिविरों में उपस्थित होकर विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जा रहे दो तस्करों को पुलिस ने पकड़ा

दस मवेशियों को कराया मुक्त

नव भारत न्यूज

पांढुरना,17जून, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम उमरामुक्ता के पास घेराबन्दी कर दो पशु तस्करों से 10 मवेशियों को मुक्त कर इन पशु तस्करों को जेल भेजा । बीते रात्रि बड़चिचोली पुलिस को सूचना मिलने पर ग्राम सिवनी के उमरामुक्ता रोड पर दो व्यक्ति 10 नग गौवंश (बैल) को क्रूरतापूर्वक पैदल नरखेड़ कत्लखाने ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहाँ समाजसेवी देवेन्द्र बघाले, पंकज गायघने एवं पवन बोरकर द्वारा पुलिस कार्यवाही में सहयोग किया गया। पुलिस ने मौके से आरोपी अजय शिंदे एवं पंकज सालोटकर निवासी ग्राम पंढरी थाना मोहगांव को गिरफ्तार कर 10 नग गौवंश मुक्त कराए। आरोपियों के विरुद्ध थाना पांढुर्णा में अपराध क्रमांक 286/2026, धारा 4, 6, 9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 11(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इस उक्त कार्यवाही मे चौकी बड़चिचोली के स.उ.नि. ओमप्रकाश मालवीय, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र उईके, आरक्षक रोहित तिलनते एवं आरक्षक अशोक धुर्वे द्वारा की गई।

बोवनी के समय खाद-बीज के लिए भटक रहे किसान :चौधरी

नवभारत न्यूज़

रामाकोना 17 जून. सेवा सहकारी समितियों में समय पर ऋण एवं खाद नहीं मिलने से किसान दर दर की ठोकरें खा रहे है। इस ज्वलंत समस्या को लेकर गांधीवादी विचारक एवं वरिष्ठ पत्रकार भाऊराव चौधरी द्वारा यह मुद्दा उठाया गया है। बोवनी का समय किसी भी किसान के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है, और ऐसे समय में ऋण, खाद और बीज के लिए संघर्ष करना उनकी पूरी फसल और आजीविका को संकट में डाल सकता है। श्री चौधरी ने बताया की, अधिकांश सेवा सहकारी समितियों में स्थायी

प्रबंधकों का न होना और सेवानिवृत्ति के कारण प्रभारियों पर निर्भरता काम में बाधा डाल रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सौंसर द्वारा %अधूरी जानकारी% का हवाला देकर फाइलों को वापस किया जाना प्रक्रिया को और लंबा खींच रहा है। किसान अपना पिछला ऋण 31 मार्च की समय सीमा से पहले ही चुका चुके हैं, इसके बावजूद उन्हें नए ऋण के लिए बैंक और समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। श्री चौधरी ने जिला कलेक्टर और जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह्व) को इस मामले में हस्तक्षेप करे ताकि समितियों में प्रभारी प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए जा सकें और तकनीकी त्रुटियों को तत्काल सुधारा जा सके। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने भी किसानो की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक लेकर समस्या क़ा निराकरण करना चाहिए।

बौद्धिक विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिये शिविर हुआ संपन्न

नवभारत न्यूज

सौंसर 17 जून– सम्यक बुद्ध विहार में बच्चों के मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास को ध्यान मे रखते हुये आनापान शिविर सम्पन्न हुआ। विपष्यना मार्गदर्शक महेन्द्र सोमकुवर, डॉ दीपक शेडे के मार्गदर्शन में 25 बच्चों ने सहभागिता कर आनापान ध्यान पद्धति का अभ्यास किया। ध्यान के माध्यम से बच्चों को मन की एकाग्रता बढाने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ बनाने के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों

को नियमित ध्यान अभ्यास के महत्व से अवगत कराते हुये बताया कि, इससे एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं आत्मविष्वास में वृद्धि होती है, जो उनके उज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। शिविर की सफलतार्थ ज्योति सोमकुवर, सुरेश सहारे, संजय सहारे का योगदान रहा।

पांढुरना के प्रभु राम मुछाला का धार तथा सौंसर के शिव शंकर का जबलपुर स्थानांतरण

पांढुरना,सौसर के वन परिक्षेत्र अधिकारी का स्थानांतरण

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,17 जून, प्रदेश के शासकीय विभागों में इन दिनों थोकबंद तबादले किए जा रहें है,जिसमें कई विभाग प्रमुख अधिकारियों के साथ ही कर्मचारियों का भी समावेश है,पांढुरना जिले का वन विभाग भी इन तबादलों से अछूता नहीं रहा,हालांकि यहां से अधिकारियों के प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरण किया,लेकिन इनके स्थान पर किसी की भी पदस्थापना नहीं हुई है,इसे लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रहीं है।

विभागीय सूत्रों से मिली

जानकारी अनुसार पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रभु राम मुछाला का स्थानांतरण प्रदेश के धार जिले में कर दिया है लेकिन इनके स्थान पर किसी की भी नियुक्ति नहीं कि गयी है,ज्ञातव्य हो कि प्रभु राम मुछाला बीते चार वर्षों से पांढुरना वन परिक्षेत्र का तथा बीते एक वर्ष से अंबाडा वन परिक्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार देख रहें थे,अब इनके स्थानांतरण होने से दोनों ही रेंज रिक्त हो गई है,इसी प्रकार सौंसर वन परिक्षेत्र अधिकारी शिवशंकर का स्थानांतरण भी जबलपुर कर दिया है,यहां भी अब तक किसी भी वन परिक्षेत्र अधिकारी की नियुक्ति नहीं कि गई है,हांला कि बालाघाट से स्थानांतरीत होकर आए जगतदास खरे को सौंसर क्षेत्र के कन्हान परिक्षेत्र में स्थानांतरण आदेश जारी हुए है वे शीघ्र ही यहा का प्रभार ग्रहण करेंगे।

नाबालिग से दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सारनी। नाबालिग को डरा धमका कर दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। टीआई जयपाल इवनाती ने बताया कि 16 जून को पीड़िता ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी राजकुमार पिता बाबूराव नागले ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सारनी में बीएनएस एवं 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरफुसे आदि रहे।

ताप्ती जन्मोत्सव के पूर्व लगाया जाए नया म्यूजिकल फाउंटेन

मुलताई। पवित्र नगरी में स्थित ताप्ती उदगम सरोवर में विधायक निधि सें नगरपालिका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से म्यूजिकल फाउंटेन लगाया गया था,जो एक माह भी नही चला और खराब हो गया, जिस पर नगरपालिका के एल्डरमेनो ने असंतोष जताते हुए ठेकदार पर कार्रवाई करने एवं ताप्ती जन्मोत्सव के पूर्व नया म्यूजिकल फाउंटेन लगाने की मांग को लेकर बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारियो को ज्ञापन सौपा है ।ज्ञापन में बताया विधायक निधि से 11 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि ताप्ती सरोवर के सौंदर्गीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगरपालिका को म्यूजिकल फाउंटेन (संगीतमय फव्वारा) लगाने हेतु प्रदान की गई थी। अत्यंत खेद का विषय है कि शासकीय निधि के इतने बड़े बजट से तैयार यह फाउंटेन शुरू होने के मात्र एक माह बाद ही बंद हो गया। इतने कम समय में फाउंटेन का बंद होना और लंबे समय तक इस पर कोई ध्यान न दिया जाना संबंधित प्रदायक कंपनी की बेहद घटिया कार्यप्रणाली गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार और अनुबंध की शर्तों के घोर उल्लंघन को दर्शाता है।

आज सांसद बंटी साहू होगे विविध कार्यक्रमो में शामिल

नवभारत न्यूज

सौंसर 17 जून– देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और विकास के 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोधीखेडा मंडल में विशेष जनसंपर्क एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में मुख्य रूप छिंदवाडा-पांढुर्ण संसदीय क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू, मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड,

संयोजक राजेन्द्र भक्ते, जिला उपाध्यक्ष प्रीततम राऊत, पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड, सहित मंडल स्तरीय पदाधिकारी उपस्तिथ रहेंगे। जानकारी देते हुये मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे ने बताया कि, गुरूवार को सुबह 11 बजें ग्राम सायखेडा में सामुदायिक अस्पताल, नल-जल योजना का लोकार्पण एवं वृक्षारोपण, दोपहर 12 बजें ग्राम एलकापार में आदिवासी भवन का भूमिपूजन एवं किसान चैपाल, दोपहर 2.30 बजें खैरीतायगांव में लाभार्थी सम्मेलन, वरिष्ठजनों से संपर्क एवं चैपाल, शाम 4 बजें कबर पिपला में दादाजी मंदिर दर्शन एवं ग्राम चैपाल, शाम 5 बजें सातनुर में युवा संवाद एवं महिला संवाद, शाम 6 बजें पारडसिंगा में भूमिपूजन एवं लोकार्पण के अलावा किसानों से संवाद कार्यक्रम होगा।

शहर के वार्ड 9 में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवभारत न्यूज

सौसर 17 जून – शहर के वार्ड क्रमांक 9 में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रवि वानखेड़े के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता

था ।दिव्यांग रवि ने यह कदम किन परिस्थितियों में और क्यों उठाया, इसका कारण अभी तक अज्ञात है। घटना की जानकारी मिलते ही सौसर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए अपनी की जांच शुरू कर दी है.

आईसीएल कंपनी द्वारा किसान संगोष्ठी का आयोजन

संतरा उत्पादकों को दी गई पोषण प्रबंधन की जानकारी

नवभारत न्यूज़

सौंसर 17 जून.आईसीएल कंपनी द्वारा क्षेत्र के संतरा उत्पादक किसानों के लिए किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईसीएल के एग्रोनॉमी लीड संजय बिरादार एवं स्टेट मैनेजर विजय मिश्रा उपस्थित रहे।

संगोष्ठी में किसानों को फसलों के संतुलित पोषण प्रबंधन, आवश्यक पोषक तत्वों की भूमिका तथा उनके सही एवं वैज्ञानिक उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से संतरा बागानों में पौधों की वृद्धि, फूल एवं फल विकास, उत्पादन एवं गुणवत्ता वृद्धि के लिए आवश्यक पोषक तत्वों के महत्व पर चर्चा की गई।

17 पोषक तत्वों की बताई भूमिका

श्री बिरादार ने किसानों को फसलों के लिए आवश्यक 17 पोषक तत्वों की भूमिका तथा उनके वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी दी। वहीं श्री मिश्रा ने आईसीएल कंपनी की उन्नत पोषण तकनीकों एवं उत्पादों के माध्यम से किसानों की आय एवं उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर प्रकाश डाला। किसानों ने पूछे सवाल, बताया उपयोगी कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने संतरा फसल से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर विशेषज्ञों से चर्चा की।

बढ़ोत्तरी : 10 प्रतिशत संपत्ति कर बढ़ने से बढ़ी नगरपालिका की डिमांड

नवभारत न्यूज

बैतूल, 17 जून. नगरपालिका ने संपत्ति कर की दरों में बढोत्तरी कर दी है। नपा के अनुसार संपत्ति कर में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 अप्रैल से लागू भी हो चुकी है। जिसके बाद विभिन्न करों और शुल्कों की मांग बढकर 14 करोड़ 3 लाख 75 हजार 173 रुपए पहुंच गई है।

यह राशि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 3 करोड़ रुपए अधिक बताई जा रही है। बढ़ी हुई कर मांग के पीछे संपत्तिकर में वृद्धि के साथ-साथ पिछले वर्षों की बकाया राशि का समावेश प्रमुख कारण माना जा रहा है। दरअसल वर्ष 2025-26 के अंत तक विभिन्न मदों में 6 करोड़ 16 लाख रुपए से अधिक की राशि बकाया रही, जिसे चालू वर्ष की मांग में जोड़ दिया गया है। इसमें संपत्तिकर की 2 करोड़ 52 लाख रुपए, जल शुल्क की 1 करोड़ 53 लाख रुपए, शिक्षा उपकर की 56 लाख 28 हजार रुपए, समेकित कर की 55 लाख 34 हजार रुपए तथा नगरीय विकास उपकर की 62 लाख 91 हजार रुपए की शेष मांग शामिल है। राजस्व विभाग के दस्तावेजों में यह भी उल्लेख किया गया है कि बकाया संपत्तिकर वसूली पर मिलने वाली 50 प्रतिशत की छूट समाप्त होने के बाद संपत्तिकर संग्रह में वृद्धि दर्ज की गई है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में करदाता अब भी बकायादार बने हुए हैं।

अभियान | **मोदी सरकार के 12 वर्षो की उपलब्धियां पहुचाई जन-जन तक**

पंधराखेडी में चला भाजपा का विशेष जनसंपर्क अभियान

नवभारत न्यूज

सौंसर 17 जून– देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन और विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम पंधराखेडी में भाजपा द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड एवं कार्यकर्ताओं ने ग्राम के प्रबुद्धजनों से आत्मीय भेट कर केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी साझा की। ग्राम के वरिष्ठ भाजपा नेता उदाराम देवासे, चंद्रशेखर पराडकर के निवास पहुचकर सौजन्य भेट की। जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश मे हुये विकास कार्यो, गरीब कल्याण, किसान हित, महिला सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे के विस्तार तथा भारत की बढती वैष्विक प्रतिष्ठा की सराहना की। वही 12 वर्षो के अनेक जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। अवसर पर जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष विलास खिरडकर, पिपला मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे, महेन्द्र पराडकर, अनिल पराडकर, सिवनी मंडल अध्यक्ष रजत गोरे, सोशल मीडिया जिला सह-संयोजक शिवम जानभोर, महेष पराडकर, विवेक गायकवाड, शंकर निम्बुलकर, अनिल पाठे, शांताराम डहाके, रूपचंद पराडकर, राधेश्याम देवासे, प्रदीप पराडकर, बंडू रबडे, रवि फरकसे आदि उपस्थित थे। उपस्थितों ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।

आबकारी विभाग ने गांवो में अवैध महुआ शराब के अड्डों पर दी दबिश

एक हजार किलों महुआ लाहन नष्ट,मचा हड़कंप

नव भारत न्यूज

पांढुरना,17 जून, प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा सघन कार्रवाई की गई। आबकारी वृत्त पांढुर्णा की टीम द्वारा ग्राम चिरकुटाघोंदी , घोघरी साहनी एवं हिवरा में संचालित अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान नालों एवं जंगल क्षेत्र में झाड़ियों के पास अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब निर्माण हेतु पन्नियों एवं ड्रमों में एकत्रित लगभग 1000 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया। महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष सामग्री को निर्मूल्य होने के कारण विधिवत नष्ट किया गया। उक्त कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।